हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 1 फरवरी 2026

04 छोटे-छोटे नौनिहालों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ...




07 26 जोड़ों ने थामा दांपत्य जीवन का हाथ, दिखा...






## खबर संक्षेप

### रमेश गोहिया स्मृति साहित्य साधक सम्मान आज


स्व. रमेश गोहिया


देवकरण पंवार

**सीहोर।** प्रदेश के जाने माने गीतकार स्व. रमेश गोहिया स्मृति सम्मान समारोह रविवार को जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश राय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर साहित्य चर्चा के साथ काव्य गोष्ठी भी होगी। इस बार का साहित्य साधक सम्मान नगर के वरिष्ठ साहित्यकार देवकरण पंवार को दिया जाएगा। समारोह का आयोजन स्थानीय रैंबो प्ले स्कूल के सभाकक्ष में रविवार को दोपहर 12 बजे संपन्न होगा। यह आयोजन अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। संस्था द्वारा नगर के सभी साहित्य प्रेमी, बुद्धिजीवीयों से समारोह में शामिल होने की अपील की गई है।

### 7 मार्च तक होगा गेहूं का पंजीयन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार गेहूँ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 7 फरवरी से दिनांक 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। किसान तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र, ग्राम पंचायत में स्थापित सुविधा केंद्र, जनपद पंचायत में स्थापित सुविधा केंद्र, सहकारी समिति द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र और एमपी किसान एप पर निशुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा किसान लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर और साइबर कैफे पर 50 रुपए का अधिकतम शुल्क देकर पंजीयन करा सकते है। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में किया जाएगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और IFSC कोड, की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। जनधन, अक्रियाशील, संयुक्त बैंक खाते, फिनो, एयरटेल पेटीएम, एवं नाबालिग बैंक खाता पंजीयन में मान्य नहीं होंगे।

### ई-दक्ष केंद्र में बाबू और अधिकारी अब एआई टूल्स का सीख रहे उपयोग

# पत्र, ईमेल ड्राफ्टिंग और नोटशीट कुछ ही सेकंड में कर्मचारी अब करेंगे तैयार

जिले में इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की शुरुआत जनवरी 2026 से की गई है। ट्रेनर बबिन मिश्रा ने बताया कि अब तक लगभग 1000 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

डिजिटल इंडिया के दौर में जिले के सरकारी कार्यालय अब पुरानी कार्यशैली को पीछे छोड़कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की राह पर चल पड़े हैं। कलेक्ट्रेट स्थित ई.दक्ष केंद्र में सरकारी बाबू और अधिकारी अब फाइलों के ढेर के बीच एआई टूल्स का उपयोग सीख रहे हैं। ई.गवर्नेंस विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाना और समय की बचत करना है। जिले में इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की शुरुआत जनवरी 2026 से की गई है। ट्रेनर बबिन मिश्रा ने बताया कि अब तक लगभग 1000 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। विभाग का लक्ष्य है कि अगले पांच महीनों में जिले के 5000 कर्मचारियों को एआई तकनीक में पूरी तरह दक्ष बना दिया जाए। अलग-अलग बैच में चल रहे इस प्रोग्राम में तकनीकी परिचय से लेकर इसके व्यावहारिक उपयोग तक की ट्रेनिंग दी जा रही है।



फाइल फोटो

**अब ड्राफ्टिंग और मेल के लिए नहीं करना होगा इंतजार:** अभी तक सरकारी कार्यालयों में नोटशीट तैयार करने, ईमेल ड्राफ्ट करने या आधिकारिक पत्र लिखने में काफी समय व्यतीत होता था। हेड ट्रेनर अभिनव मोदी के अनुसार एआई टूल्स के माध्यम से अब पत्र, ईमेल और नोटशीट कुछ ही सेकंड में तैयार हो सकेंगे। फोटो और वीडियो की एडिटिंग और ड्राफ्टिंग अब कर्मचारी खुद कर सकेंगे। इस तकनीक के आने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों को छोटे-छोटे तकनीकी कार्यों के लिए अपने अधीनस्थों पर निर्भर नहीं रहना होगा।

#### कार्यक्षमता और पारदर्शिता पर जोर

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्य की उत्पादकता बढ़ाना है। अक्सर मैन्युअल काम के कारण सरकारी फाइलों के निपटारे में देरी होती है, लेकिन एआई की मदद से कम समय में बेहतर और त्रुटिहीन कार्य होगा। यह कदम न केवल दफ्तरों को हाईटेक बनाएगा, बल्कि आम जनता के काम भी तेजी से निपट सकेंगे। निजी क्षेत्र में धूम मचाने वाली यह तकनीक अब सीहोर के प्रशासनिक ढांचे की रीढ बनने को तैयार है।

## राज्य स्तरीय रोजगार मेला 2 फरवरी को, 25 से अधिक बड़ी कंपनियां देंगी नौकरियां

**अमलाहा/सीहोर।** तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विगत 20 वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका 'मंथन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन' अमलाहा आगामी 2 फरवरी 2026 को एक विशाल राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन करने जा रहा है। इस मेले में देश की 25 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी।

#### प्रमुख अतिथि और उद्घाटन

कार्यक्रम का उद्घाटन मध्यप्रदेश शासन के राजस्व मंत्री डॉ. कर्ण सिंह वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सीहोर विधायक माननीय सुदेश राय एवं आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर उपस्थित रहेंगे।

देश की नामी कंपनियां होंगी शामिल रोजगार मेले में बैंकिंग, फाइनेंशियल, ऑटोमोबाइल और तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इनमें मुख्य रूप से बैंकिंग एवं फाइनेंसः एचडीबी (HDB), एक्सिस बैंक, कोटक बैंक, AU स्मॉल फाइनेंस, मुथूट फाइनेंस, IIFL तकनीकी एवं अन्यः आयशर, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज ऑटो, अमेज़न, ब्लिंकिट, जस्ट डायल, पेटीएम, आईसेक्ट, टेक्नोटास्क, मिटा इंडिया आदि।

**3 से 6 लाख तक का पैकेजः** संस्थान के सीईओ डॉ. रजत सक्सेना ने बताया कि इस मेले में लगभग 1000 से 1200 युवाओं के शामिल होने की उम्मीद है। अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर उन्हें तकनीकी और गैर-तकनीकी (Technical & Non-Technical) क्षेत्रों में ₹3 लाख से ₹6 लाख प्रति वर्ष तक का वेतन पैकेज प्राप्त हो सकेगा। ग्रामीण युवाओं को शहर जैसी सुविधाएं डॉ. सक्सेना ने आगे कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को उनके घर के पास ही शहर जैसी उच्च स्तरीय सुविधाएं और तकनीकी शिक्षा प्रदान करना है। अब तक मंथन संस्थान 18,000 से अधिक छात्रों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करा चुका है। अमलाहा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के बड़े आयोजन से न केवल सीहोर जिला बल्कि पूरे प्रदेश के युवाओं को लाभ मिलेगा।

## अपर कलेक्टर ने इछावर और भैरूंदा तहसील कार्यालय में एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने इछावर एवं भैरूंदा तहसील कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों का निरीक्षण किया और अभी तक की कार्य प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

एसआईआर कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान उन्होंने मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नो-मैपिंग वोटर्स की सुनवाई, लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के निराकरण तथा दावे-आपत्तियों के निपटारे की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी सहायक एईआरओ, बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता का सत्यापन पूरी गंभीरता से किया जाए, किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहे और अपात्र प्रविष्टियों का नियमानुसार निराकरण किया जाए। भैरूंदा तहसील के निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाह और इछावर तहसील के निरीक्षण के दौरान एसडीएम स्वाति मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जनगणना 2027 के लिए तैयारियां शुरूः जिला समन्वय समिति गठित, कलेक्टर ने दिए निर्देश




**सीहोर।** नगर में जनगणना 2027 के सफल संचालन और प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला स्तर पर जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया है। यह समिति मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग और जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करेगी।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, समिति में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी को अध्यक्ष बनाया गया है। जिला जनगणना अधिकारी को संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण और जिला जनसंपर्क अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जिला जनगणना अधिकारी जिले में जनगणना 2027 के सभी कार्यों को सफलतापूर्वक और समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के लिए जिम्मेदार होंगे।

उन्हें जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठकें आयोजित करने और आगामी कार्य योजनाओं को लागू करने का भी जिम्मा सौंपा गया है। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी और जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी जनगणना कार्य में जिला जनगणना अधिकारी को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के संचालन, तकनीकी सहयोग तथा संबंधित स्टाफ के प्रशिक्षण और मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी निभाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी को जनगणना 2027 के दोनों चरणों के फील्ड कार्य के लिए आवश्यकतानुसार शिक्षकों को प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के रूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। परियोजना अधिकारी जिले के सभी नगरीय निकायों में जनगणना से संबंधित कार्यों का समन्वय करेंगे।

जिला जनसंपर्क अधिकारी जनगणना 2027 के दोनों चरणों के प्रचार-प्रसार में सहयोग करेंगे। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय से कार्य करने और शासन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

संतों के संत समानता और सामाजिक न्याय के प्रतीक गुरू रविदास जी जिन्होने सामाजिक बुराईयों के खिलाफ भक्ति मार्ग को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होने एक ऐसे समाज (बेगमपुरा) शहर बसाने का सपना देखा था। जहाँ कोई जाति वर्ग या धर्म का भेदभाव नही हो और हर व्यक्ति को स्वतंत्रता न्याय प्राप्त हो ऐसे महान संत की जयंती आज वार्ड क्रं. 11 के मुर्दी मोहल्ला डॉ.अम्बेडकर नगर के रविदास मंदिर पर दोपहर 12 बजे मनाई जावेगी, जिसमें सभी पार्टी के जनप्रतिनिधगण तथा शहर के गणमान्य नागरिक सम्पूर्ण रविदास समाजजन पहुंचकर दर्शन लाभ प्राप्त करेगें।

आज के कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण और रविदास जी के समताबादी दर्शन कार्यक्रम में मुख्य रहेगा। आयोजन समिति के संरक्षक नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष सन्नी जाटव ने सभी समाज जनों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर आपसी भाई चारा सत्य और कर्मठता को अपने जीवन में अपना कर एक भेद-भाव मुक्त समाज के निर्माण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।



कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील करने वालों में प्रमुख रूप से डी.पी.आर्य, सुनील फरेला, गंगाराम परसैया, पूर्व पार्षद देवेन्द्र अहिरवार, पन्नालाल खंगराले, शुभम कचनेरिया, धन्नालाल परचोले, महेश आर्य, सत्येन्द्र मंगरोलिया, मनोज फरेला, हितेन्द्र कचनेरिया, नरेन्द्र बनवईया, कमलकिशोर जाटव, राहुल कचनेरिया, कपिल पुरविया, टीटु कचनेरिया, प्रवेश परिहार, अभय अहिरवार, सचिन महोबिया, सतीष महोबिया, चद्रशेखर टिमरई आदि शामिल हैं।

## प्रेम विवाहः 10 महीने बाद नवविवाहिता ने लगाई फांसी

**बुधनी।** गुरुवा बाबा कॉलोनी में गुरुवार को एक किराए के मकान में नवविवाहिता किरण परी दायमा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। वह 19 साल की थी। किरण ने करीब 10 महीने पहले मंडीदीप निवासी अंकित दायमा से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों बुधनी में किराए के मकान में रह रहे थे। अंकित बुधनी की एक निजी कंपनी में काम करता है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। जिस कमरे में शव मिला, उसका दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा मृतका के परिजनों की मौजूदगी में खोला गया। अंदर किरण का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। किरण और अंकित दोनों मंडीदीप के रहने वाले हैं। पति अंकित ने बताया कि किरण किसी अन्य व्यक्ति से मोबाइल पर बात करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। घटना के समय घर में कोई और मौजूद नहीं था। मृतका के परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। फिलहाल पुलिस ने मर्ग दर्ज कर पड़ताल शुरू की है।

## संस्कार मंच ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन



**सीहोर।** शहर सहित आस-पास की खेल प्रतिभाओं को तराशने और मंच देने के लिए संस्कार मंच के तत्वाधान में आगामी दिनों में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन जिला फुटबाल एसोसिएशन के सहयोग से किया जाएगा। प्रतियोगिता में आष्टा, नसरुल्लागंज, इछावर, बुधनी, सीहोर सहित अन्य टीमों को शामिल किया जाएगा। इसको लेकर मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने शहर के चर्च मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा श्री तिवारी ने रविवार को इटारसी में चल रही आल इंडिया ओपन फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल सीहोर बिल्डअप टीम की विजय की कामना की है।

वहीं यहां पर जारी प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षण शिविर में दो मैच खेले गए इसमें पहला मैच सीहोर बाइज-एमजी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर वॉइज 2-0 से विजय रही सीहोर बाइज की तरफ से युवराज ने एक गोल किया आदित्य ने एक गोल किया दूसरा मैच सीहोर क्लब-सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर क्लब 1-0 से विजय रही सीहोर क्लब की तरफ से पुष्प ने एक गोल किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में करीब 12 टीमों को शामिल किया जाएगा। वहीं आल इंडिया फुटबाल एसोसिएशन से प्रतियोगिता के लिए खेलो इंडिया स्माल सेंटर का नाम प्रस्तावित कर पंजीयन किया गया है। इसमें करीब 150 से अधिक अंडर-10 से लेकर अंडर-12 तक के पंजीकृत खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा।

### मौसम में उतार-चढ़ाव जारी, सुबह कोहरा, दिनभर बादल, सर्द हवाएं तेज

# न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री पर पहुंचा, बादलों के कारण हल्की बारिश भी होने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह कल के 8.5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान से अधिक है। शासकीय कृषि महाविद्यालय सीहोर के मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर के अनुसार, बादलों की सघनता बढ़ रही है और हल्की बारिश की संभावना है।

#### सुबह कोहरा, दिनभर बादल

अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। कल अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस था, जो आज 26 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 24 घंटों में मौसम में उतार-चढ़ाव देखा गया, जिसमें सुबह हल्का कोहरा और आसमान में बादल छाए रहे। नवरी माह के अंतिम सप्ताह में मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। हाल ही में रात के समय हुई बारिश के बाद से कड़ाके की ठंड का दौर फिर से शुरू हो गया है। उत्तर दिशा से आ रही ठंडी और बर्फीली हवाओं के कारण सीहोर जिले में शीतलहर का प्रभाव बना हुआ है।



#### सुबह कई स्थानों पर छाया घना कोहरा

सुबह के समय हल्का और घना कोहरा छाने से दृश्यता (विजिबिलिटी) में कमी आई है। शनिवार सुबह कई स्थानों पर घना कोहरा देखा गया, जिससे दृश्यता घटकर 50 मीटर रह गई थी। बादलों के कारण सुबह 10 बजे तक भी सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच पाईं।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, हवाओं की दिशा में बदलाव से मौसम में और परिवर्तन देखने को मिल सकता है। हालांकि, रात के तापमान में गिरावट जारी रहने से ठंड का असर बना रहेगा।

## सीहोर जिला 32,938 प्रकरणों का निराकरण के साथ जिला प्रदेश में छठवें स्थान पर

**सीहोर।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत सीहोर जिले में प्रभावी कार्यवाही की गई है। अभियान के तहत 31 जनवरी 2026 तक जिले में कुल 42,883 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 32,938 प्रकरणों के निराकरण के साथ सीहोर जिला प्रदेश में छठवें स्थान पर है। इसके साथ ही शेष प्रकरणों का भी निराकरण किया जा रहा है। ब्लॉकवार स्थिति की बात करें तो आष्टा ग्रामीण क्षेत्र से सर्वाधिक 24,157 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 23,257 प्रकरणों का समाधान किया गया।

बुधनी ग्रामीण क्षेत्र में 2,658 आवेदनों में से 2,291 का निराकरण किया गया, जबकि सीहोर ग्रामीण क्षेत्र में 2,021 प्रकरणों का समाधान हुआ। नगरीय निकायों में भी अभियान का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। आष्टा, जावर, कोठरी एवं शाहगंज नगरीय क्षेत्रों में लगभग सभी आवेदनों का निराकरण किया गया। आष्टा नगर में 512 में से सभी 512 प्रकरणों का समाधान किया गया, वहीं शाहगंज नगरीय क्षेत्र में भी शत-प्रतिशत निराकरण दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को एक ही मंच पर शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रदान करना है। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

खबर संक्षेप



## अनुष्का परमार गोल्ड व गिरिराज वर्मा ने जीता कांस्य पदक

**सीहोर।** टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में आयोजित हुए खेलो एमपी यूथ गेम बॉक्सिंग खेल का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता मे सीहोर के बॉक्सरों ने शानदार प्रदर्शन कर बालिका वर्ग में 80 किलोग्राम वजन में अनुष्का परमार ने गोल्ड मेडल एवं बालक वर्ग मे 50 किलोग्राम वजन में गिरिराज वर्मा ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया। इनकी इस उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाऐं देने वालों में प्रमुख रूप से कलेक्टर बाला के गुरू, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, बॉक्सिंग क्लब अध्यक्ष अन्नू चौहान, सचिव राजेन्द्र सिंह, आवासीय स्कूल प्राचार्य अलोक शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अताउल्लाह खान, आवासीय बॉक्सिंग प्रशिक्षक अंकित गुप्ता, सीहोर जिला बॉक्सिंग प्रशिक्षक आनन्द पंसोरिया, जिला खेल अधिकारी रूबिका दिवान, प्रशिक्षक रेखा कुशवाह, फुटबॉल संघ के मनोज कन्नोजिया एवं सभी सीहोर जिले के सभी खेल संघ शामिल हैं।

## इंदिरा भील पुनः बनी समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष



**सीहोर।** भारतीय संविधान, समाजवादी विचारधारा, नीतियों और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्रति निष्ठा एवं व्यवहार को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव द्वारा इंदिरा भील को पुनः समाजवादी पार्टी का सीहोर जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया है। यह नियुक्ति इंदिरा भील की पार्टी के प्रति निष्ठा भावना एवं सीहोर जिले में पुरी ईमानदारी व जमीनी स्तर कड़ी मेहनत और सक्रीयता के देखते हुए की गई है। इंदिरा भील ने अपने पुनः मनोनयन पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, उसका मैं पुरी ईमानदारी व मेहनत के साथ निर्वहन करूंगी और राष्ट्रीय/प्रदेश कार्यालयों द्वारा निर्गत आदेशों/निर्देशों का पालन करते हुए सीहोर जिले में पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिये हर सम्भव प्रयास करुंगी। उनकी नियुक्ती पर बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से बाबुलाल भील, किशन मालवीय ग्रामीण अध्यक्ष, अम्बाराम मालवीय आष्टा तहसील महासचिव, मिश्रीलाल बारेला, आशाराम बारेला, प्रेमसिंह बारेला, अंतरिया बारेला आदि शामिल हैं।

### ड्रीम्स वर्ल्ड ए न्यू थिंक स्कूल का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित

# छोटे-छोटे नौनिहालों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां

विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

क्षेत्र के गांव ब्रिजीशनगर स्थिति ड्रीम्स वर्ल्ड ए न्यू थिंक स्कूल का वार्षिकोत्सव शुक्रवार रात को हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, देशभक्ति एवं सामाजिक जागरूकता पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां दी। जिन्हें देखकर अतिथि और अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा भाजपा नेता विष्णु करणसिंह वर्मा एवं एडीशनल एसपी सुनीता रावत, एसडीओपी रोशन जेन , लाड़कुई रेंजर प्रकाश चंद्र उईके , इछावर थाना प्रभारी पंकज वाडेकर , ब्रिजीशनगर संकुल प्राचार्य बीएल मालवीय, सरपंच शिव प्रशाद ठाकुर , पूर्व सरपंच प्रतिनिधि ज्ञान सिंह राठौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय संचालक अनिल मालवीय और स्टाफ द्वारा अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत और सम्मान किया गया। समारोह में बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सेना पर आधारित एक भावनात्मक प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को भावुक कर दिया और कई लोगों की आंखें नम हो गईं। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्कूल प्राचार्य संतोष चौहान, शिक्षिका शीतल बड़ोदिया, योगिता मीणा, रसना मेवाड़ा, सुहानी मालवीय, दृष्टि विश्वकर्मा, शिक्षक जितेंद्र मीणा सहित बड़ी संख्या में पालक ग्रामीण मौजूद थे।



**सीहोर।** स्कूल संचालक अनिल मालवीय द्वारा अतिथि एडिशनल एसपी सुनीता रावत, भाजपा युवा नेता विष्णु करणसिंह वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया।



**सीहोर।** स्कूल स्टाफ द्वारा भाजपा युवा नेता विष्णु करणसिंह वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।




# 24 घंटे में शातिर चोर को दबोचा, चोरी गई पूरी रकम बरामद




**भैरुंदा।** भैरुंदा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की एक वारदात का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई पूरी नकद राशि 15 हजार रुपये भी बरामद कर ली है। इस सफलता से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता एक बार फिर साबित हुई है।

पुलिस के अनुसार वासुदेव निवासी फरियादी योगेंद्र पिता मोतीलाल पंवार ने उधारी चुकाने के उद्देश्य से अपनी बकरी बेचकर 15 हजार रुपये नकद जुटाए थे। उक्त राशि को उन्होंने घर के अंदर एक कमरे में दाल के डिब्बे में छिपाकर सुरक्षित रखा था। 29 जनवरी को दोपहर के समय जब परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर थे, तभी अज्ञात चोर खिड़की के रास्ते घर में दाखिल हुआ और डिब्बे में रखी नकदी चुराकर फरार हो गया। घटना की शिकायत मिलते ही पुलिस ने धारा 331(3) एवं 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि घटना के समय फरियादी के मोहल्ले का ही आदित्यराज नामक युवक घर के पीछे संदिग्ध रूप से घूम रहा था। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर आरोपी आदित्यराज पिता गुरुबख्श को उसके घर से हिरासत में लिया।

कड़ाई से की गई पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की गई पूरी रकम भी बरामद कर ली।

आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस त्वरित सफलता से नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है।

# शुभ मुहूर्त लौटे, अब फिर गूंजेंगी शहनाइयां

### शुक्र उदित होते ही हटे प्रतिबंध, 4 फरवरी से विवाह के शुभ मुहूर्त

**सीहोर।** लगभग डेढ़ माह के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर मांगलिक संस्कारों का शुभ दौर शुरू हो गया है। 31 जनवरी से शुक्र ग्रह के उदित होते ही विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन सहित अन्य मंगलाचार्यों पर लगा प्रतिबंध समाप्त हो गया है। इसके साथ ही नगर व ग्रामीण अंचलों में फिर से शहनाइयों की मधुर धुन सुनाई देने लगेगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 4 फरवरी से विधिवत विवाह के शुभ मुहूर्त प्रारंभ होंगे। वर्ष 2026 में कुल 81 दिनों तक विवाह के योग बनेंगे, जिससे विवाह योग्य युवक-युवतियों और उनके परिजनों में उत्साह का माहौल है।

हिन्दू धर्मशास्त्रों में शुक्र ग्रह को विवाह, प्रेम, सौंदर्य, दांपत्य जीवन और भौतिक सुख-सुविधाओं का प्रमुख कारक माना गया है। मान्यता है कि जब शुक्र ग्रह अस्त होता है, तब उसकी शुभता क्षीण हो जाती है। इसी कारण विवाह, सगाई, उपनयन संस्कार और नए दांपत्य जीवन की शुरुआत जैसे मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। इस वर्ष 11 दिसंबर 2025 से शुक्र तारा अस्त था, जिसके चलते करीब 51 दिनों तक शुभ कार्यों पर विराम लगा रहा। हालांकि इस दौरान बसंत पंचमी के अबूझ मुहूर्त पर बड़ी संख्या में विवाह समारोह आयोजित हुए।

ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि शुक्र के उदय के साथ ही मांगलिक कार्यों की अनुमति मिल गई है, लेकिन विवाह के शुभ मुहूर्त 4 फरवरी से ही प्रभावी होंगे। फरवरी से जुलाई के बीच विवाह का सबसे अधिक सीजन रहेगा। इस अवधि में करीब 63 दिन विवाह के लिए शुभ बताए गए हैं। वहीं वर्ष के अंत में नवंबर और दिसंबर में केवल 18 दिन ही विवाह के मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे। ऐसे में विवाह मंडप, मैरिज गार्डन, कैटरिंग, बैंड-बाजे, डेकोरेशन और फोटोग्राफी जैसे व्यवसायों में भी रौनक लौटने की उम्मीद जताई जा रही है।



### अवैध पटाखों व डीजे पर प्रशासन बेखबर

इधर 4 फरवरी से मांगलिक कार्य शुरू होने के साथ ही अव्यवस्थाओं का खतरा भी मंडराने लगा है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश मैरिज गार्डन व शादी हॉल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है। इससे विवाह समारोह में शामिल होने वाले लोग अपने वाहन मुख्य मार्गों पर खड़े करने को मजबूर होते हैं। नतीजतन घंटों तक यातायात बाधित रहता है और जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं अवैध पटाखों की बिक्री पर भी प्रशासन की सख्ती नजर नहीं आ रही है। सूत्रों के अनुसार दीपावली पर्व के दौरान लाए गए बड़ी मात्रा में पटाखे अब भी कई व्यापारियों के पास अवैध रूप से संग्रहित हैं। इन्हें शादी-विवाह के सीजन में दोगुने दामों पर खपाने की तैयारी है, जबकि प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है। इसके अलावा डीजे पर प्रतिबंध के बावजूद शादी-विवाह में धड़ल्ले से डीजे बजने की आशंका है। फरवरी के पहले सप्ताह से 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं भी शुरू होने जा रही हैं। ऐसे में तेज आवाज वाले डीजे से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। आमजन ने प्रशासन से मांग की है कि शादी सीजन के दौरान अवैध पटाखों, डीजे और यातायात अव्यवस्था पर सख्ती से कार्रवाई की जाए, ताकि मांगलिक खुशियों के बीच व्यवस्था न बिगड़े।

### इन तिथियों पर बजेंगी शहनाइयां

फरवरी माह में 4, 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24 और 26 फरवरी को विवाह के शुभ योग बन रहे हैं। मार्च में 2, 3, 4, 7, 8, 9, 11 और 12 मार्च को विवाह मुहूर्त रहेंगे। अप्रैल में 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28 और 29 अप्रैल को शादियां होंगी। मई माह में 1, 3, 5, 6, 7, 8, 13 और 14 मई को शुभ मुहूर्त रहेंगे। जून में 21 से 27 जून और 29 जून को विवाह के योग बनेंगे। जुलाई में 1, 2, 6 से 8 तथा 11 और 12 जुलाई को शादियों की धूम रहेगी। इसके बाद नवंबर में 20, 21, 24 से 27 और 30 नवंबर तथा दिसंबर में 2, 3, 4, 5, 6, 11 और 12 दिसंबर को विवाह के शुभ दिन रहेंगे।

### खरमास और चातुर्मास में फिर लगेगा विराम

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 14 मार्च से 13 अप्रैल तक मीन खरमास रहेगा, जिसमें विवाह सहित सभी मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे। वहीं 17 मई से 15 जून तक ज्येष्ठ अधिक मास रहेगा, जिसमें पहले ज्येष्ठ मास में शादियां नहीं होती हैं। इसके अलावा 25 जुलाई से 20 नवंबर तक चातुर्मास रहेगा, जब भगवान श्रीहरि योग निद्रा में रहते हैं। इस दौरान भी विवाह और अन्य शुभ संस्कार नहीं किए जाते।

# दि ऑक्सफोर्ड स्कूल में रंगारंग माहौल में मनाया विदाई समारोह




**सीहोर।** दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का 31वां विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी थीम थी बैच-31 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रिया शर्मा, विद्यालय अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से किया गया। तत्पश्चात वंशिका मेवाडा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। अतिथिगण को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया तथा कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य, नाटक व गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ. प्रिया शर्मा ने अपने विद्यालय जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को परिश्रम, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। एड. जॉली कुरियन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़कर वे समाज और देश का नाम रोशन करें। प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने सभी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा, आगामी प्रतियोगिता परीक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया और शुभाशीष देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को प्रेरणादायक शब्दों से संबोधित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम में पधारे अतिथिस्वरूप कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने स्टेज पर रेम्प वाक कर सबको आनंदित किया। कार्यक्रम में विद्यालय द्वारा मि. ऑक्सफोर्ड- नीव सक्सैना , मिस ऑक्सफोर्ड- स्वाति मेवाडा, स्टूडेंट ऑफ द ईयर- दुष्यंत सिंह बघेल, अचिवमेंट- निशिका नाथ, बेस्ट लीडरशिप- दक्ष ठकुराल, डिसिप्लिन- विजय वर्मा, मेक्सिमम अटेंडेंस- खुशी मेवाडा, एकेडमिक एक्सीलेंस- सार्थक बसक, आलराउंडर- हर्षित गौर, मि. फेयरवेल- मोहित वर्मा, मिस फेयरवेल- अंशिका शर्मा, अर्ली बर्ड- जयेश नरवारे, स्पोर्ट्स एक्सीलेंस- दीपाली रालयावना, कल्चरल एक्सीलेंस- श्रेयांश सिंह मेवाडा, पंक्चुअलिटी एक्सीलेंस- अक्क्षा दीप को चुनकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की शिक्षकगणों द्वारा बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन शालिनी तिवारी, राधिका मंगरोलिया, अंजना विश्वकर्मा, भावेश परमार ने व आभार प्रदर्शन नीव सक्सैना द्वारा किया गया। प्रार्थना एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।उक्त कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार शामिल रहा।

### पं. अजय पुरोहित ने भगवान विष्णु के 24 अवतारों के बारे में बताया

# कथा में धूमधाम से मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव, पंडाल में गूंजे जयघोष





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प संसार में पुण्य कार्य करने चाहिए। पुरुषार्थ प्राप्त करने के लिए भगवान की आराधना करनी चाहिए। इससे भक्ति में वृद्धि होती है। भागवत अज्ञान से ज्ञान और सत्य की ओर ले जाने वाली है। संसार के प्राणी अनेक चीजों से पीड़ति है, उसका एक ही समाधान है कथा का श्रवण करना। भगवान की शरण में आने से मनुष्य का जीवन सार्थक हो जाता है और सात जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। उक्त विचार शहर के छावनी स्थित नगर पालिका के समीपस्थ चमत्कालेश्वर महादेव समिति के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित ने भगवान विष्णु के 24 अवतारों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होनें परिक्षित और सुखदेव के बारें में बताते हुए कहा कि कलयुग आगमन के समय पांडव के वंशज परीक्षित को सुखदेव ने भागवत सुनाई थी। इसके बाद ही उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई। यहां से मोक्ष की प्राप्ति के लिए भागवत सुनाने का प्रचलन शुरू हुआ। भगवान विष्णु के प्रमुख अवतारों जैसे वामन, और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का वर्णन किया और कहाकि जब धर्म की हानि होती है तो ईश्वर अवतार लेकर पृथ्वी को पापियों से मुक्त कराते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं।

जगद गुरु ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। अनेक संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। भगवान श्रीकृष्ण गोकुल में नित्य ही माखन चोरी लीला करते हैं। मां यशोदा के बार-बार समझाने पर भी श्रीकृष्ण नहीं मानते हैं तो मां यशोदा ने भगवान को रस्सी से बांधना चाहा पर भगवान को कौन बांध सकता है, लेकिन भगवान मां की दयनीय दशा को देखते हुए स्वयं बंध जाते हैं। इसलिए भगवान को न धन, पद व प्रतिष्ठा से नहीं बांध सकता। भगवान तो प्रेम से बंध जाते हैं।

### यूथ गेम्स 2026 के फाइनल में ग्वालियर पर 159 रन की बड़ी जीत




**सीहोर।** राज्य सरकार की खेलो एमपी पहल के तहत आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 की अंडर-19 बॉयस क्रिकेट प्रतियोगिता में भोपाल संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में भोपाल संभाग ने ग्वालियर संभाग को 159 रन से करारी शिकस्त दी। योगेश का अर्धशतक, सीहोर के आदिल की दमदार पारी फाइनल मुकाबले में भोपाल संभाग की बल्लेबाजी मजबूत रही। योगेश यादव ने शानदार 58 रन बनाए, जबकि सीहोर जिले के होनहार खिलाड़ी आदिल खान ने 40 रनों की जिम्मेदार पारी खेलकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्वालियर संभाग की टीम भोपाल की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 28.3 ओवर में 85 रन पर सिमट गई। भोपाल संभाग के लिए दीपेश सेन ने 5 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। निर्मल को 2 विकेट मिले, जबकि देवेंद्र और शिवांग को 1-1 सफलता मिली। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन (31 रन व 5 विकेट) के चलते दीपेश सेन को मैन ऑफ द फाइनल मैच घोषित किया गया।।भोपाल संभाग ने चैंपियनशिप ट्रॉफी के साथ 31 हजार रुपए का इमाम जीता। जबकि ग्वालियर को रनरअप ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। तीसरे स्थान पर सागर डिवीजन की टीम रही। ग्वालियर और सागर टीम को क्रमशः 21 हजार और 11 हजार रुपए का इमाम दिया गया।

### ब्रह्माकुमारी संस्था के तत्वावधान में वृद्धजनों का किया सम्मान




**सीहोर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में शिव शक्ति भवन अवधपुरी में राजयोगिनी पंचशीला दीदी ज्योति दीदी बीके पिंकी दीदी के सानिध्य में आयोजन किया गया जिसमें दीदी जी ने बताया कि आज के जीवन में बड़े बुजुर्गों का क्या महत्व है और हमारे घर में बड़े बुजुर्ग का होना एक ज्योति की तरह है जैसे घर में एक दीपक का जलाना बहुत ही शुभ मानते हैं ऐसे ही हमारे जीवन में बड़े बुजुर्ग का होना उतना ही आवश्यक है उन्होंने बताया कि बड़े बुजुर्ग की शान यही है भारत की सच्ची पहचान है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अतिथियों उमा पालीवाल प्रीति सोनी, अनिल शर्मा आदि शामिल थे।

### श्री खाटू श्याम मंदिर समिति ने किया निःशुल्क विवाह सम्मेलन संपन्न, आयोजन में हुए कई अनुष्ठान आयोजित

# 26 जोड़ों ने थामा दांपत्य जीवन का हाथ, दिखा सेवा, संस्कार और सामाजिक एकता का संगम



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा**

नगर में श्री खाटू श्याम मंदिर समिति द्वारा निशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में पूरे उत्साह, उमंग, श्रद्धा और धार्मिक वातावरण के बीच 26 कन्याओं का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार, पारंपरिक रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया गया। सात फेरों और पवित्र अग्नि को साक्षी मानकर 26 जोड़ों ने अपने नए दांपत्य जीवन की शुरुआत की। सम्मेलन में शामिल सभी परिवारों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ दिखाई दे रहा था। समिति द्वारा विवाह आयोजन को यादगार बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। विवाह स्थल को आकर्षक सजावट और पारंपरिक साज-सज्जा से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण विवाह उत्सव में परिवर्तित हो गया था।

**जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को सम्मानपूर्वक विवाह कराना उद्देश्य: कुशवाह**

निशुल्क विवाह सम्मेलन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ। इस प्रकार के आयोजन समाज में सहयोग, सेवा और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। समिति अध्यक्ष पवन कुशवाह ने बताया कि उनका उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराना और समाज में सकारात्मक संदेश देना है। उन्होंने कहा आज का दिन कभी नहीं भूलने वाला है, सभी के सहयोग और बाबा की कृपा से कन्यादान का अवसर प्राप्त हुआ जो जीवन का सबसे बड़ा पल है। कुशवाह ने कहा आने वाले समय में भी इस तरह का आयोजन करने का प्रयास किया रहेगा।



**निशान यात्रा और वर निकासी ने बांधा समां**

शुक्रवार सुबह आयोजन की शुरुआत नगर के राधा कृष्ण मंदिर से यात्रा और वर निकासी के साथ हुई। इस दौरान धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। रथ, घोड़े, डीजे, बैंड-बाजे और धार्मिक ध्वजों के साथ यात्रा निकाली गई। सभी दूल्हे पारंपरिक परिधान में घोड़े पर सवार होकर जय श्री श्याम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। श्रद्धालु, समाजजन और आम नागरिक बड़ी संख्या में इस यात्रा में शामिल हुए। महिलाओं, युवाओं और बच्चों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। भव्य निशान यात्रा और वर निकासी ने समां बांध दिया।

**गृहस्थी का सामान देकर बेटियों को किया विदा**

समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सभी कन्याओं का सम्मानपूर्वक कन्यादान कराया। साथ ही नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का जरूरी सामान जैसे बिस्तर, बर्तन, दैनिक उपयोग की सामग्री सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं भेंट की गईं, ताकि वे अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत बिना किसी परेशानी के कर सकें। समिति सदस्यों ने भावुक होकर कन्याओं को विदा किया।

**निशान यात्रा का शहर भर में हुआ भव्य स्वागत**

निशान यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई। पीपल चैराहा, नगर पालिका के सामने, मुख्य बाजार सहित कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। जगह-जगह जलपान और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी। करीब तीन घंटे तक चली यह यात्रा धार्मिक और सामाजिक एकता का संदेश देती हुई गुना नाका स्थित विवाह स्थल पहुंची।

**बारात आगमन के बाद शुरू हुए वैवाहिक संस्कार**

कार्यक्रम स्थल पर बारात पहुंचने के बाद पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह कार्यक्रम शुरू हुआ। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों का विधि-विधान से विवाह कराया गया। सात फेरे, कन्यादान और अन्य सभी रस्में पूरे धार्मिक तरीके से सम्पन्न कराई गईं। विवाह के दौरान परिजनों और समाजजनों की आंखों में खुशी के आंसू और चेहरे पर संतोष की मुस्कुराहट देखने को मिली। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्थाएं भी बेहतर रहीं।



## खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी, 2 ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना**

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में खनिज अधिकारी श्री सचिन वर्मा के निर्देशन में खनिज विभाग की टीम द्वारा गुना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उकावद में भ्रमण के दौरान बिना अनुमति एवं बिना रॉयल्टी रेत का अवैध परिवहन करते हुए 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं। टीम द्वारा दोनों वाहनों को तत्काल जब्त कर कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। प्रकरण में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती, खनिज सिपाही रामभरोसा जाटव तथा सैनिक राजीव रघुवंशी, हाकिम सिंह रघुवंशी, रघुनंदन रघुवंशी एवं सतीश शर्मा की सराहनीय भूमिका रही। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध यह मुहिम आगे भी निरंतर जारी रहेगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 7 फरवरी से

**गुना।** शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन किया जाएगा। यह पंजीयन दिनांक 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक किया जाना है।कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा गेहूं उपार्जन एवं किसान पंजीयन के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जिला स्तर पर एक तकनीकी समिति का गठन किया गया है। समिति में श्री गिरीश अनवेकर, सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी), श्री गौतम श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस, आशीष चतुर्वेदी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, बृजनारायण केवट, डाटा एंट्री ऑपरेटर खाद्य शाखा तथा राम रघुवंशी, डाटा एंट्री ऑपरेटर नागरिक आपूर्ति निगम, जिला गुना को शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन हेतु अतिरिक्त माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। किसान एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर एवं लोकसेवा केंद्र के माध्यम से भी अपना पंजीयन करा सकेंगे। गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य करने के इच्छुक एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करें।

## ओलावृष्टि से फसल बर्बाद, किसानों ने एसडीएम व तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन




**हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर**

27 जनवरी को हुई तेज बारिश एवं ओलावृष्टि से सारंगपुर तहसील के ग्राम खजुरिया घाटा सहित कई गांवों में किसानों की फसलें पूरी तरह प्रभावित हो गईं। प्राकृतिक आपदा से गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य रबी फसलें नष्ट हो जाने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। फसल क्षति से परेशान ग्राम के किसानों ने शुक्रवार को सामूहिक रूप से अनुविभागीय अधिकारी सारंगपुर एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल सर्वे कराकर बीमा राशि व मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। किसानों ने ज्ञापन में बताया कि ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह गिर गई है, जिससे उत्पादन शून्य के करीब पहुंच गया है। कई किसानों ने फसल बीमा कराया हुआ है, लेकिन समय पर सर्वे नहीं होने से उन्हें सहायता मिलने में विलंब की आशंका है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए राजस्व अमले द्वारा शीघ्र फसल सर्वे कराया जाए तथा शासन की आपदा राहत एवं फसल बीमा योजना अंतर्गत पात्र किसानों को शीघ्र मुआवजा राशि प्रदान की जाए। इस अवसर पर शिवसिंह पाल, राजेंद्र भिलाला, रामेश्वर पाल, दिलीप पाल, दुर्गेश पाल सहित कई किसान उपस्थित रहे।

## बरमनखेड़ी गांव में की चाकूबाजी, सात घायल

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम बरमनखेड़ी में दो-तीन दिन पहले एक परिवार के दो भाइयों में विवाद हुआ था उसी रंजिश को लेकर बदले की भावना से इंदौर से सचिन पिता रामलाल गोस्वामी अपने साथ लोगों को लेकर गांव बरमनखेड़ी आया और सामने वाले पक्ष पर जमकर चाकू बाजी की जिसमें सात लोग घायल हो गए घायलों में तीन लोग गंभीर घायल हुए जिन्हें प्राथमिक इलाज के तत्काल बाद बाहर रिफर किया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है एक आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है,जिसकी तलाश जारी है। बरमनखेड़ी निवासी हेमराज पिता बापू लाल गोस्वामी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 3 दिन पूर्व रामलाल एवं भारत दोनों भाइयों की बीच मारपीट हो गई थी। उसी का बदला लेने गुरुवार की रात 7 बजकर 30 बजे के लगभग जमकर चाकू बाजी की गई जिसमें सात लोग घायल हो गए।

**इन लोगों को आईं चोटे**-देवकरण पिता मांगीलाल गुर्जर विक्रम सिंह पिता मांगीलाल सोंधिया , धर्मराज पिता बालचंद गुर्जर गंभीर घायल व लखन पिता बापू लाल गोस्वामी,भगवती बाई पति मोहन गोस्वामी, हेमराज पिता बाबूलाल गोस्वामी, एक बालिका निबासा गोस्वामी को भी चोटे आई है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया है, तथा अंकित मकानिया फरार है।

## मनरेगा में वर्तमान संशोधनों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/जीरापुर /सारंगपुर**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावरा द्वारा ब्यावरा के अहिंसा द्वार चौराहे पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण किया, व महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा किए गए संशोधनों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने मनरेगा को कमजोर करने के प्रयासों की कड़ी निंदा की। दांगी ने कहा कि मनरेगा कानून वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, दलितों एवं आदिवासियों को रोजगार की कानूनी गारंटी देने के उद्देश्य से बनाया गया था, जिसे वर्तमान भाजपा सरकार संशोधनों के माध्यम से कमजोर कर रही है।

**गांधी पार्क में हुआ प्रदर्शन**

**सारंगपुर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय गांधी चैक स्थित गांधी पार्क में कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया।

**मनेरगा को बहाल करने के लिए धरना**

**जीरापुर** - नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस के तत्वाधान में तहसील कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रखा गया। जिसमें मनरेगा को बहाल करने तथा इसकी जगह लाए गए नए वीबी-जी-राम-जी कानून को वापस लेने की मांग कांग्रेसीयों ने की । कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की तस्वीर रखकर यह धरना प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने मनेरगा की जगह जो नाम दिया उसे हटाकर मनेरगा को बहाल करने की बात रखी गई। जहां पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत , राजेश शर्मा पटवारी , चंदरसिंह, महेश सेन आदि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## चरण वंदना नहीं, आचरण वंदना करें विद्यार्थी : एसडीएम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर**




सरस्वती विद्या मंदिर, सारंगपुर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह गुरुवार को गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम रोहित बम्होरे रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि एसडीओपी अरविंद सिंह उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में विभाग समन्वयक गुरुचरण गौड़, ओमप्रकाश राठी एवं डॉ. ध्रुव भल्ला शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश राठौर ने की। इस अवसर पर एसडीएम बम्होरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें चरण वंदना के बजाय आचरण वंदना करनी चाहिए। किसी व्यक्ति का सम्मान केवल चरण स्पर्श से नहीं, बल्कि उसके विचारों को जीवन में अपनाकर किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक उत्तरदायित्व को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया।वही एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का राष्ट्र निर्माता है। यदि युवा पीढ़ी सही दिशा में आगे बढ़ेगी, तो समाज और राष्ट्र स्वतः सशक्त बनेंगे। विद्यालय प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। इसमें सुशील व्यास, दिनेशसिंह सिसोदिया, प्रमोद शर्मा, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की मां जालपा पहाड़ी की परिक्रमा

**राजगढ़।** सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में बीते एक



हफ्ते से चल रही 84 हनुमान दर्शन यात्रा के अंतिम दिवस शुक्रवार को दैवीय शक्तिपीठ मां जालपा पहाड़ी की परिक्रमा का आयोजन रखा गया। पहली बार आयोजित हुए अपनी तरह के इस विशेष आयोजन में नगर सहित आसपास क्षेत्र के सैंकड़ों श्रृद्धालुओं ने जालपा माता की भक्ति की रमते हुए नाचते-गाते पवित्र पर्वत की परिक्रमा पूर्ण की। प्रथम बार सामुहिक रूप से माता के पहाड़ी की 24 किमी परिक्रमा का भव्यतम आयोजन रखा गया था।

## विज्ञान, संस्कृति और दर्शन का समन्वय विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़**

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आगामी 11, 12 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। जिसमे भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुरुप विज्ञान, संस्कृति और दर्शन का समन्वय विषय पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता अपने उद्बोधन देंगे। उच्च शिक्षा विभाग के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्त्वाधान में आयोजित हो रहे इस सेमिनार की जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ चेतन त्रिपाठी ने बताया कि तीन सत्रों में यह सेमिनार होगा जिसमें शिक्षाविदों के विभिन्न विषयों पर लिखे गए शौध पत्रों का भी वाचन किया जाएगा। इसके लिए आयोजन समिति भी बनाई गई है जिसके निर्देशन में यह सेमिनार सम्पन्न होगा। इसमें प्रो डॉ राधावल्लभ त्रिपाठी पूर्व कुलपति राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान दिल्ली, डॉ देवीदास कल्लाप्पा बामणे अध्यक्ष हिंदी विभाग भाऊसाहब नेने महाविद्यालय रायगढ़ महाराष्ट्र, आदि लोग मौजूद थे।

### सम्मान समारोह के साथ ही नेत्र शिविर का भी हुआ आयोजन

## नेवज कृष्णा सम्मान से नवाजे क्षेत्र के पांच समाजसेवी




**हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़**

नेवज समग्र विकास समिति एवं नेवज कृष्णा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में लगातार नवमें वर्ष 30 जनवरी को नेत्र शिविर सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्यों एवं सेवाओं के लिए पांच समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शिविर में करीब 300 लोगों ने अपना नेत्र परीक्षण करवाया जिनमें से ऑपरेशन के लिए चिन्हित 84 सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर के लिए रवाना किया गया। सम्मान से नवाजे गए सेवाभावियों में चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. ओपी त्रिपाठी, कुश्ती-दंगल में मानसिंह राठौर, शिक्षा के क्षेत्र में सरला विजयवर्गीय, मैदान प्रशिक्षण क्षेत्र में कोच बृजमोहन मेवाड़े एवं संगीत वाद्ययंत्र क्षेत्र में सोहराब खान शामिल है। राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, प्रताप मंडलोई, बापूसिंह तंवर सहित अन्य अतिथियों ने सभी को प्रशंसा-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

**9 वर्षों में 54 समाजसेवी हो चुके हैं सम्मानित**

उल्लेखनीय है कि बीते नौ सालों से अनवरत हो रहे इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों उत्कृष्ट योगदान देने वाले 54 समाजसेवियों को सम्मानित किया जा चुक है इसके साथ ही 15 हजार से अधिक लोगों का नेत्र परीक्षण करवाया जा चुका है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र चैहान, रघुनंदन शर्मा, एडिशनल एसपी केएल बंजारी, जपं अध्यक्ष फूलसिंह तंवर, रमेश तंवर, अमित शर्मा, प्रहलाद पंवार, एके शर्मा, सुशीला व्यास, रेणुका शर्मा, रेखा शर्मा, मंजुलता शर्मा सहित कई लोग सम्मिलित हुए।

### दुकानों के अक्सर बंद रहने, स्टॉक में कमी सहित अन्य गड़बड़ियों पर कार्रवाई की

## राशन वितरण में विभिन्न लापरवाहियों पर 22 विक्रेताओं को नोटिस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़**

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले के पात्र हितग्राहियों को प्रत्येक माह समय पर राशन वितरण कार्य में विभिन्न तरह की लापरवाही एवं गड़बड़ियों पर जिले की 22 राशन दुकानों के विक्रेताओं को कारण बताओ नाटिस जारी किए गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि किसी दुकान के अक्सर बंद रहने, कहीं केवायसी कार्य अब तक अपूर्ण रहने, कहीं स्टॉक में कमी, निर्देशों की अवहेलना सहित अन्य लापरवाहियों पर यह नोटिस थमाए गए हैं। संबंधित विक्रेताओं से नोटिस के जवाब मिलने के उपरान्त उन पर यथोचित कार्यवाहियां प्रस्तावित की जाएगी।



**इन विक्रेताओं को दिए गए हैं नोटिस**

जिन राशन दुकान के विक्रेताओं को शोकाज नोटिस जारी किए गए हैं उनमें गोलाखेड़ा दुकान सेल्समेन ओमप्रकाश, बखेड़ सेल्समेन भंवरलाल, खैरासी सेल्समेन श्यामसिंह, पाडलियाखेड़ी सेल्समेन देवेंद्र नागर, मांडाखेड़ा सेल्समेन विक्रेता प्रियंका शर्मा, प्रेमपुरा सेल्समेन चैनसिंह, सनखेड़ी विक्रेता मधुबाई, धनवास सेल्समेन दिनेश तंवर, हिरनखेड़ा विक्रेता पूजा, देहरीकराड़ सेल्समेन सुश्री निर्मला, महाबल विक्रेता पूजा, कंवरपुरा सेल्समेन बालूसिंह, लाख्या सेल्समेन जसवंत सौंधिया, हिनौती सेल्समेन मांगीलाल, कुंडीबे सेल्समेन प्रताप सिंह पंवार, जलालपुरा सेल्समेन मोहनसिंह, बावड़ीपुरा सेल्समेन विमल तंवर, फूलखेड़ी सेल्समेन रामकरण परमार, कोड़ियि जरगर विक्रेता भावना, लिम्बोदा सेल्समेन चंदर सिंह दांगी, अभयपुरा विक्रेता गायत्री तंवर शामिल हैं।

**तीन दिवस में मांगा गया है जवाब**


खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उक्त सभी राशन विक्रेताओं को नाटिस जारी कर उनसे 3 दिवस में जवाब मांगा गया है। नियत तिथि तक नोटिस का संतोषप्रद जवाब न मिलने पर संबंधितों को कार्य से पृथक करने की कार्यवाही की जा सकती है।

**पूर्व में भी जारी किए गए हैं इस तरह के नोटिस**

उल्लेखनीय है हर मंगलवार आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में अमूमन हर हफ्ते जिले की विभिन्न राशन दुकान पर हितग्राहियों को समय पर राशन न मिलने, दुकानों के बंद रहने, दुकानों का राशन अन्यत्र बेचने सहित कई तरह की शिकायतें अक्सर मिलती रहती हैं। विभाग द्वारा पूर्व में भी संबंधित दुकानों के विक्रेताओं को इस तरह के नोटिस जारी किए हैं लेकिन वितरण में लापरवाही बरतने वालों ठोस और पुख्ता कार्यवाही कभी-कभार ही नजर आई है।

## खबर संक्षेप

### खाटूश्याम निशान यात्रा आज निकलेगी



**देवास।** मां तुलजा भवानी एवं चामुण्डा मैय्या की पावन धरा पर श्री श्याम सरकार परिवार द्वारा सातवें वर्ष भी भव्य खाटूश्याम निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। निशान यात्रा रविवार को सुबह 9 बजे लक्ष्मीनारायण मंदिर, शुक्रवारिया हाट, देवास से प्रारंभ होगी। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए एल.आई.जी. मुखर्जी नगर, पॉयनियर स्कूल के पास स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर पहुंचेगी, जहाँ समापन होगा। आयोजन के कमल गुर्जर, अभय तावर, रवि पटेल, गौरव सोनी, निखिल, आशीष, जितेन, अरुण, रोहित उपाध्याय, अजय परिहार बना, मंगल सोलंकी, सुनील वर्मा, कमल राठौर, कपिल यादव, पंकज जैन, अनिल वर्मा, जितेन शर्मा है। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के सान्निध्य में तथा श्री श्याम सरकार परिवार के निवेदन पर किया जा रहा है। उक्त जानकारी विक्की गुप्ता ने दी।

### ऑपरेशन प्रहार के तहत की कार्रवाई

**चापडा।** पुलिस थाना कमलापुर पर 25 जनवरी को फरियादी सीताराम पिता फट्टू सिंह निवासी नयाखेड़ा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 को रात्रि 8 बजे करीब उसके घर में विजेंद्र पिता देवी सिंह मालवी निवासी नया खेड़ा का छत के रास्ते घर में प्रवेश करता हुआ मिला। जिसे रोका टोका तो धक्का देकर भाग गया जो चोरी करने की नीयत से घर में घुस था। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कमलापुर पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

धर्मनाथ, अभिनंदन भगवान का जन्म व तप कल्याणक श्रद्धा व उत्साह से मनाया

# हमारी आत्मा सिद्धालय प्राप्ति हेतु यात्रा कर रही है: मुनिश्री विश्वसूर्य सागर

किला मंदिर स्थित समाधि स्थल पर मुनि साध्य सागरजी के सानिध्य में गुरु पूजा व गुरु स्मरण जाप्य अनुष्ठान संपन्न।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र, किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने दस दिवसीय 'निजानंद ज्ञानामृत सम्यकज्ञान साधना शिक्षण शिविर' के दसवें दिन आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी आत्मा निरंतर यात्रा कर रही है और यह यात्रा सिद्धालय प्राप्ति की है। मुनिश्री ने कहा कि सम्यकदर्शन वाला जीव ही सिद्धालय की यात्रा करता है। पुण्य दो प्रकार का होता है, एक संसार को बढ़ाने वाला और दूसरा संसार से बाहर निकालने वाला। संसार का पुण्य नष्ट हो जाता है, जबकि सिद्धालय का पुण्य कभी नष्ट नहीं होता। यदि सम्यकदर्शन रूपी टिकट प्राप्त हो जाए, तो एक न एक दिन रत्नात्रय रूपी ट्रेन में बैठकर मोक्ष यात्रा अवश्य संभव है।उन्होंने सिद्ध परमात्मा के स्वरूप का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि परमात्मा आठ कर्मों से रहित होते हैं, जबकि संसारी जीव आठ कर्मों से युक्त होता है। मुनिश्री ने आठ कर्मों का विवेचन करते हुए कहा कि कम बुद्धि वाले व्यक्ति पर ज्ञानावरणीय कर्म का प्रभाव रहता है। सम्यकदर्शन प्राप्त करने के लिए दर्शनावरणीय कर्म का त्याग आवश्यक है। मुनिश्री ने कहा कि आज मानव जीवन ईर्ष्या, द्वेष और झगड़ों में व्यर्थ बीता जा रहा है, जिसके कारण उसके कर्म दुर्गति की ओर ले जा रहे हैं। यदि अपना कल्याण चाहते हो तो बुद्धि को निर्मल बनाओ, कुबुद्धि के मार्ग पर मत चलो। धर्म में क्रम और मर्यादा से कार्य होता है, जबकि संसार और मिथ्यादृष्टि में मनमानी चलती है। सम्यदृष्टि के जीवन में मनमानी का स्थान नहीं होता।उन्होंने कहा कि जिनेन्द्र भगवान की वाणी जन्म, जरा और मृत्यु का नाश करती है। यह धर्म किसी को आकर्षित करने के लिए नहीं, बल्कि आवागमन को समाप्त करने के लिए है। जिनेन्द्र की वाणी अचूक रामबाण औषधि है।मनवाणी नहीं, जिनवाणी को ग्रहण करें और आत्मा का उत्थान करें।मुनिश्री ने दीक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमने यह मुद्रा आत्मकल्याण के लिए धारण की है, न कि इस पर्याय को बदनाम करने के लिए। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे यह पवित्र पर्याय कलंकित हो। जो दिखाई देता है, वह वास्तव में हमारा नहीं है। जिसने स्वयं को जाना है, वही सिद्धालय की यात्रा करता है।उन्होंने अंत में कहा कि मोहनीय कर्म आत्मा को अनादिकाल से भटका रहा है, अतः इससे बचते हुए अपनी आत्मा की रक्षा करें और भावना भाएं कि "हे प्रभु आपकी तरह हम भी सिद्धालय की यात्रा करें।

### कल्याणक महामहोत्सव श्रद्धा से संपन्न

नगर के समस्त जिनालयों में जैन धर्म के तीर्थंकर भगवान अभिनंदन जी एवं धर्मनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महामहोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं अर्घ्य अर्पण किए गए। किला मंदिर पर भक्तिभाव के साथ विधान का आयोजन भी संपन्न हुआ।

### मुनिश्री भूतबली सागर महाराज का 46वां दीक्षा दिवस श्रद्धा से मनाया

परम पूज्य समाधि सम्राट, युग श्रेष्ठ मुनिश्री भूतबली सागर महाराज के 46वें दीक्षा दिवस के अवसर पर नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र, किला मंदिर स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ विविध धार्मिक आयोजन मुनिश्री साध्य सागर महाराज के पवन सानिध्य में संपन्न हुए। इस अवसर पर पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य, वात्सल्य ऋषि मुनि साध्य सागर महाराज के पावन सानिध्य में गुरु पूजा एवं श्री विद्या विमल भूतबली गुरु स्मरण जाप्य अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक सहभागिता



करते हुए गुरु चरणों में नमन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को मुनीश्री साध्यसागर महाराज ने मुनिश्री भूतबली सागर महाराज के त्याग, तप, साधना और जैन धर्म के प्रति उनके अनुपम योगदान का स्मरण कराया। गुरु स्मरण जाप्य अनुष्ठान के माध्यम से आत्मशुद्धि, संयम और धर्म मार्ग पर अग्रसर होने का संकल्प लिया गया। धार्मिक वातावरण में संपन्न हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में जैन समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने गुरु भक्ति के साथ दीक्षा दिवस को आध्यात्मिक प्रेरणा के रूप में मनाया और मुनिश्री के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प व्यक्त किया।

# यूजीसी बिल को लेकर ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सीहोर जिलाध्यक्ष श्याम मीणा (केशव) के नेतृत्व में राष्टपति को सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट सीहोर में सौंपा गया। श्याम मीणा ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि ओबीसी महासभा राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्यों एवं समस्त प्रदेश अध्यक्षों की सहमति से संविधान प्रदत्त अधिकारों के अनुरूप अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं समाज के वंचित वर्गों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं संवैधानिक हितों के संरक्षण हेतु केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत यूजीसी बिल के संबंध में अब तक उपलब्ध तथ्यों, विधायी प्रावधानों, संवैधानिक दृष्टिकोण एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों का अध्ययन एवं विचार-विमर्श करने के उपरांत, ओबीसी महासभा ज्ञापन के माध्यम से यह स्पष्ट रूप से अवगत कराना चाहती है कि यूजीसी बिल का मूल उद्देश्य उच्च शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना, विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए समान शैक्षणिक मानक स्थापित करना, अनुदान, मान्यता एवं नियमन प्रक्रिया को सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाना है।

ओबीसी महासभा यह अपेक्षा करती है कि सभी केंद्रीय, राज्य, डीम्ड, निजी एवं स्वायत्त उच्च शिक्षण संस्थानों में संवैधानिक आरक्षण नीति का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। शिकायत निवारण एवं निगरानी के लिए मजबूत संस्थागत तंत्र यूजीसी बिल के नियमों एवं क्रियान्वयन में सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष श्याम मीणा, भोपाल सम्भाग अध्यक्ष चँदरसिंह मेवाड़ा, घनश्याम मीणा, बीएस भदोरिया, अजय पचलासिया, जनमसिंह परमार, रोहित, राजकुमार, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, संतोष वर्मा, रोहित परमार, मुकेश कुशवाह, बृजेश मेवाड़ा, हरिश लोधी आदि उपस्थित रहे।

### जिला न्यायालय परिसर में महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**सीहोर।** शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर स्थित बार एसोशिएशन के पुस्तकालय अध्यक्ष श्रवण वास्तवार के चेम्बर के सम्मुख अधिवक्ता गण, समाजसेवी, जागरूक नागरिकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए एवं दो मिनट का मौन रख कर विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त की। वक्ताओं ने गांधीजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में म.प्र.स्वतंत्रता संग्राम सैनानी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव संतोष सिंह, समाजसेवी कुतुब उद्दीन शेख, अधिवक्ता विजय सक्सेना, मुकेश सक्सेना,अनुज श्रीवास्तव शंकर खरे, संजय पटेल, प्रवीण जैन, करणसिंह ठाकुर आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# शांति नगर औद्योगिक कॉलोनी में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शांति नगर स्थित औद्योगिक कॉलोनी में विश्वकर्मा पूजन एवं विश्वकर्मा उत्सव का आयोजन श्रद्धा, आस्था और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी रमेश पिपलोदिया के सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी आश्रम की वंदना दीदी का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर कैलाश परमार ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, श्रम, अनुशासन और उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। आज के भौतिक और औद्योगिक युग में उनके आदर्श हमें कर्म के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और सेवा भावना की प्रेरणा देते हैं। वंदना दीदी ने सभी से आंतरिक शांति, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में समाज, राजनीति एवं व्यापार जगत के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आष्टा के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. विजय कुमार जैन, पूर्व पार्षद सुनील सेठी, मुकेश चावड़ा, कन्हैयालाल परमार, रमेश विश्वकर्मा, कन्हैयालाल परमार, अमर जैन कोचर, हर्षित पिपलोदिया सहित बड़ी संख्या में नागरिक, श्रमिक एवं उद्योग से जुड़े लोग उपस्थित रहे।अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाज में योगदान की सराहना की। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि समाज में श्रम, सेवा, समर्पण के महत्व को भी रेखांकित किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली पर शुक्रवार को गांधीजी की पुण्यतिथि के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में बीएमओ डॉ, अमित नागर द्वारा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर स्पर्श जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। नागर ने अपने उद्बोधन में बताया कि कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्री जीवाणु के कारण होने वाला एक दीर्घकालिक लेकिन उपचार योग्य संक्रामक रोग है। यह मुख्य रूप से त्वचा, परिधीय तंत्रिकाओं, ऊपरी श्वसन पथ और आँखों को प्रभावित करता है। शीघ्र निदान बहु-औषधीय चिकित्सा द्वारा से दिव्यांगता को पूरी तरह रोका जा सकता है और यह बीमारी अब असाध्य नहीं है। इसका इलाज सरकारी अस्पताल में मुफ्त मे किया



जाता है। इस अवसर पर बीईई राधेश्याम चौहान ने कहा कि यह संक्रमणः बहुत अधिक संक्रामक नहीं है और लंबे समय तक नजदीकी संपर्क से ही फैलता है। कार्यक्रम में डॉ.पपीता सोलंकी,अनिल जोशी, मेहरू वास्केल, मानसी गुप्ता, सुनिल मुजाल्दे आदि स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन बागली सुपरवाजर नन्दकिशोर मोहवाल एवं आभार मनोहर यादव ने माना।सभी कर्मचारियों को कुष्ठ रोग के इलाज की शपथ बीएमओ डॉक्टर नागर ने दिलावाई।

### अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के लिए हुई आपदा प्रबंधन कार्यशाला

**देवास।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मध्य प्रदेश शासन (गृह विभाग) एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में विक्रम सभा भवन, देवास में अग्नि दुर्घटनाओं से संबंधित एक दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर रितु चौरसिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में चरणसिंह राजपूत, सब इंस्पेक्टर, फायर स्टेशन इंदौर द्वारा आग के प्रकार एवं उसे बुझाने की विभिन्न विधियों की जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में प्लाटून कमांडेंट वीना कौशल ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की विस्तृत जानकारी प्रदान की। तृतीय सत्र में संजय बारोनिया, प्रोफेसर, के.पी. कॉलेज देवास द्वारा अग्निशमन से संबंधित तकनीकी जानकारी दी गई तथा प्रतिभागियों को प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया। चतुर्थ सत्र में अग्नि दुर्घटना के दौरान सीपीआर (सीपीआर) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सनमित सिंह, डायरेक्टर दशमेश द्वारा एसडीआरएफ टीम के सहयोग से प्रशिक्षार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन दल, स्थानीय प्रशासन, एनसीसी कैडेट्स, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स, होमगार्ड एवं एसडीआरएफ की टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि रितु चौरसिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक जागरूक रहने का आह्वान किया।

# राशन वितरण में अनियमितताएं करने और ईकेवाइसी कार्य नहीं करने वाली उचित मूल्य दुकानों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों से राशन वितरण कम होने, प्रतीक्षारत परिवारों की ईकेवाइसी नहीं करने एवं नियमित रूप से दुकानें नहीं खोलने पर खाद्य विभाग द्वारा आष्टा एवं बुधनी अनुभाग की अनेक उचित मूल्य दुकानों पर कार्रवाई की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि आष्टा अनुभाग के सिद्दीकगंज, कोटियानाला, सेमलीबारी, कांकरियाखेरी स्थित राशन दुकानों पर प्रकरण निर्मित कर 3000 रूपये की चालानी कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार कोटियानाला एवं कन्नोदमिर्जा की राशन दुकान विक्रेताओं को जनवरी में वितरण प्रतिशत कम होने पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया। इसी क्रम में बुधनी अनुभाग की रतनपुर, कुसुमखेड़ा, नानभेंट, जोनतला, बकतरा, कोसमी एवं रेहटी के राशन दुकान विक्रेताओं के विरूद्ध वितरण कार्य में लापरवाही करने पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**भौरासा।** नगर मे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। भौरासा ब्लाक कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी द्वारा माल्यार्पण किया गया व पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, पिरूभाई ठेकेदार,पार्षद गुलरेज मदनी, पार्षद अफजल मंशुरी,अनिल जायसवाल, कृष्णकांत डोडीया,जयप्रकाश चौधरी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

# तेंदुए ने चारा काटते किसान पर किया हमला

## दराती से किया बचाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के रोजड़ी गांव में शुक्रवार सुबह एक किसान पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। किसान अपनी गाय के लिए खेत पर घास काटने गया था, तभी उस पर हमला हुआ। घायल किसान को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, रोजड़ी निवासी लाखन सिंह पिता गुलाब सिंह राजपूत सुबह अपनी गाय के लिए घास काटने खेत पर गए थे। इसी दौरान तेंदुए जैसे जानवर ने उन पर हमला कर दिया। लाखन सिंह ने अपने हाथ में दराती होने के कारण किसी तरह अपना बचाव किया और जान बचाई।हमले में किसान के गले और कंधे पर गहरे नाखून के घाव लगे हैं, साथ ही दांत के निशान भी पाए गए हैं। घटना के बाद ग्रामीण लाखन सिंह को घायल अवस्था में देवास के जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया।

गांव के सरपंच पुत्र रोहित सिंह राजपूत ने बताया कि दो दिन पहले भी इसी जंगली जानवर ने एक गाय और बछड़े को निशाना बनाया था। ग्रामीणों ने वन विभाग को इस घटना की सूचना दी है और जंगली जानवर को पकडऩे (रेस्क्यू) की मांग की है। किसान पर हमले की सूचना मिलने के बाद वन विभाग के कर्मचारी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। वे पगमार्क के आधार पर जांच करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसान पर किस जानवर ने हमला किया था। वन विभाग के कर्मचारी अस्पताल में भी किसान से मिलने पहुंचे थे।

राजस्व मंत्री ने ग्राम उलझावन में किया हाई स्कूल का लोकार्पण

# शिक्षा समाज के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव होती है: वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने सीहोर तहसील के ग्राम उलझावन में 01 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से निर्मित शासकीय हाई स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के सर्वांगीण विकास की सबसे मजबूत नींव होती है और सरकार का निरंतर प्रयास है, कि ग्रामीण अंचलों के बच्चों को शहरों के समान गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ।

उन्होंने कहा कि ग्राम उलझावन में शासकीय हाई स्कूल के इस नवीन भवन के लोकार्पण से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे सशक्त रूप से अपने और क्षेत्र के उज्जवल भविष्य कर निर्माण करेंगे। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जिसके अंतर्गत नए विद्यालय भवनों का निर्माण, कक्षाओं का आधुनिकीकरण, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ और खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना और उन्हें संस्कारवान, आत्मनिर्भर तथा जिम्मेदार नागरिक बनाना है। राजस्व मंत्री ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा को केवल परीक्षा तक सीमित न रखें, बल्कि ज्ञान को अपने जीवन में उतारकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। उन्होंने शिक्षकों से भी कहा कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन का भी बोध कराएँ। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि अभिभावकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है और बच्चों को नियमित विद्यालय भेजना तथा पढ़ाई के लिए प्रेरित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने मानसरोवर मेडिकल कॉलेज एवं एमजीयू हॉस्पिटल द्वारा लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का भी शुभारंभ किया।